# कान्हा ने अवतार लिया

कान्हा ने अवतार लिया, भक्तों का बेड़ा पार किया......

पूतना जहर लगाकर आई, माँ का रुप बना आई,
बालक बन कान्हा दूध पीया, पूतना का उद्धार किया,
कान्हा ने.........

शकटासुर का उद्धार करने, पालने में बालक बन लटके,
लात मारा शकटा मारा, शकटासुर का उद्धार किया,
कान्हा ने.........

बकासुर का बगुला बन आया, ग्वाल बाल का राह निहारा,
चोंच फाड़ बगुला मारा, बकासुर का उद्धार किया,
कान्हा ने.......

भंवर कान्हा को उड़ा ले गया, आंधी तूफान ने गजब ढाया,
राह बीच भंवर को मारा, भंवर का उद्धार किया,
कान्हा ने..........

कंस था कान्हा का मामा, क्रोध में केशों को खींचा,
केश खींच कंस को मारा, कंस का बेड़ा पार किया,
कान्हा ने.............

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23278/title/Kanha-ne-avtar-liya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |